Title : Regarding need to allocate more funds for early completion of Ahmadnagar-Beed-Parli railway line in Maharashtra.

(xvii) **Need to allocate more funds for early completion of Ahmadnagar-Beed-Parli railway line in Maharashtra.**

श्री जयसिंगराव गायकवाड़ पाटील (बीड) : अध्यक्ष महोदय, अहमदनगर-बीड-परली (वैद्यनाथ) यह नयी रेल लाइन मेरे चुनाव क्षेत्र बीड-महाराष्ट्र में आती है, जिसका बीड जिले में भूसंपादन का काम चल रहा है। करीब 15 करोड़ रूपयों का भूसंपादन काम हो चुका है, लेकिन इसका भी पेमेंट अभी तक लंबित है। इस काम पर आबंटित अब तक की राशि में से 42 करोड़ रूपये शो है।

इस नयी रेल लाइन के निर्माण का काम गतिमान हो इसलिए मेरे क्षेत्र के सभी पक्ष, संगठन व जाने माने सामाजिक संगठनों ने सभी प्रकार के व सभी स्तर पर लगातार आंदोलन कर क्षेत्र के रेल लाइन के निर्माण की आवश्यकता को प्रकट किया है।

अतः मेरा आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि वे इस विाय में व्यक्तिगत रूप से ध्यान दें। उपरोक्त काम का 15 करोड़ रूपये का पेमेंट तुरंत किया जाये व अगले साल 2006-2007 के बजट में इस लाइन के निर्माण की आवश्यकता को विशो महत्व देकर, 100 करोड़ से भी अधिक की राशि का प्रावधान करने का कट करें।